इंडियन एयरलाइंस द्वारा "प्रचालन निर्देशिका" में संशोधन किया जाना

1891. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** 25 फरवरी, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 21 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "प्रचालन निर्देशिका" में संशोधन करने के लिए इंडियन एयरलाइंस द्वारा क्या मानदंड/प्रक्रिया अपनाई गई है ;

(ख) क्या 28 जनवरी, 1992 को केबिन कर्मियों के संबंध में परिपत्र जारी करते समय इंडियन एयरलाइंस द्वारा यही मानदंड अपनाया गया था ;

(ग) क्या यह भी सच है कि प्रभावित, कर्मचारियों को धोखे में रखने के लिए इंडियन एयरलाइंस ने 27 फरवरी, 1992 को एक दूसरा परिपत्र जारी किया था जिसके माध्यम से 28 जनवरी, 1992 के परिपत्र को आस्थगित रखा गया था;

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि इंडियन एयरलाइंस द्वारा 20 मई, 1992 को दुबारा परिपत्र जारी किया गया था; और

(च) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और 28 जनवरी, 1992 की पूर्व स्थिति को बहाल करने के लिए इंडियन एयरलाइंस द्वारा क्या कदम उठाये जायेंगे ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) प्रचालन मेनुअल में संशोधन नागर विमानन महा-निदेशक की अनुमति से किए जाते हैं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ) जी हां । न्यायालय के निर्णय के अनुसार फ्लाइट पर्सर और विमान परिचारिकाओं की एक सांझी वरिष्ठता सूची तैयार करने के लिए कुछ समय के वास्ते 28 जनवरी, 1992 के परिपत्र को आस्थगित रखा गया था ।

(ङ) जी, हां ।

(च) 28 जनवरी, 1992 की पूर्व स्थिति को बहाल रखा गया है ।

देश में आए पर्यटकों की संख्या

1892. **श्री शिवचरण सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या कितनी है और कितने पर्यटकों ने राजस्थान की यात्रा की ;

(ख) राजस्थान में पर्यटकों की संख्या के अनुपात में पर्यटन विभाग द्वारा कम राशि का आबंटन किये जाने के क्या कारण है ;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा क्या योजनायें तैयार की गई और इस अवधि के दौरान कितनी राशि खर्च की गई ;

(घ) क्या सरकार ने आंतरिक पर्यटकों के प्रोन्नयन के लिए कुछ कदम उठाये है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : वर्ष 1991 के दौरान 1677508 विदेशी पर्यटक भारत की यात्रा पर आए । राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्ष 1991 के दौरान 494150 विदेशी पर्यटक राजस्थान की यात्रा पर आए ।